भारत-यूएई 13वीं JDCC बैठक

स्रोत: पीआईबी

भारत और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) ने नई दिल्ली में आयोजित 13वीं **संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (JDCC) की बैठक** में **रक्षा संबंधों** को और अधिक **मज़बूत** करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

13वीं JDCC बैठक के मुख्य परिणाम:

- भारत-UAE ने **सैन्य प्रशिक्षण** को बढ़ाया तथा भारतीय तटरक्षक बल और UAE नेशनल गार्ड के बीच **समुद्री सुरक्षा** हेतु एक **समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किये, जिसमें **SAR**, **एंटी-पायरेसी**, **प्रदूषण प्रतिक्रिया** तथा हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में **वास्तविक समय की जानकारी साझा करना** शामिल है।
- **ICOMM-CARACAL** लघु हथियार साझेदारी के माध्यम से उन्नत **संयुक्त रक्षा विनिर्माण** तथा **साझा प्लेटफार्मों की मरम्मत व रखरखाव** सहित **AI** और **जहाज़ निर्माण प्रौद्योगिकियों** के सह-विकास की संभावना पर विचार किया गया।
- **संयुक्त अभ्यास**, **प्रशिक्षण**, **विषय वस्तु विशेषज्ञ (SME) आदान-प्रदान**, **अंतर-सेवा समन्वय** और **त्रि-सेवा अंतर-संचालन** को बढ़ावा देने के लिये **अंतर-सेवा** (सेना, नौसेना और वायु सेना) वार्ता आयोजित की गई।

भारत-UAE संबंधों का महत्व:

- UAE, भारत का **तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** और **दूसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य** है, जबकि भारत, UAE का **दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार** है।
  - भारत-UAE के बीच **व्यापक रणनीतिक साझेदारी** है, जिसमें **राजनीतिक**, **रक्षा** और **रणनीतिक संबंध** और अधिक मज़बूत हुए हैं।
  - दोनों देशों के बीच **पेट्रोलियम**, **रत्न**, **कृषि**, **वस्त्र**, **रसायन** और **इंजीनियरिंग उत्पादों** का व्यापार होता है।
- UAE एक **महत्त्वपूर्ण तेल आपूर्तिकर्त्ता** है और भारत के सामरिक पेट्रोलियम भंडार (SPR) में योगदान देता है, जो भारत की **ऊर्जा सुरक्षा** और **खाड़ी स्थिरता** के लिये आवश्यक है।
- भारत और UAE ने **स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली** तथा **एकीकृत भुगतान प्रणाली** स्थापित करने हेतु एक **समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किये हैं, जिससे **सीमा पार लेनदेन** को सुगम बनाया जा सकेगा।
- **I2U2**, **IMEC** और अब्राहम समझौते जैसे रणनीतिक मंचों में UAE की भूमिका भारत की **कनेक्टिविटी**, **आर्थिक प्रभाव** और **ऊर्जा सुरक्षा** को मज़बूत करती है।
- UAE में लगभग **3.5 मिलियन भारतीय** रहते हैं, और **अबू धाबी** में **हिंदू मंदिर** का निर्माण दोनों देशों के **सांस्कृतिक** एवं **आर्थिक संबंधों** की मज़बूती को दर्शाता है।

और पढ़ें:

भारत-UAE संबंधों में चुनौतियाँ

UAE के साथ संबंधों को और मज़बूत बनाने हेतु भारत द्वारा अपनाए गए उपाय

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-uae-13th-jdcc